city भास्कर

दैनिक भास्कर रायपुर संस्करण पाठकों के विश्वास के 27 वर्ष

RAIPUR, MONDAY, 12/10/2015

TODAY'S EVENT

जरूरतमंदों के लिए करें दान

कहां श्री रामनाथ भीमसेन भवन, समता कॉलोनी
समय सुबह 11 बजे से
आयोजक श्री अग्रवाल सभा
विशेष प्रत्येक मोहल्ला समिति और अग्रबंधु अपनी इच्छा व सामर्थ्य के अनुसार अग्र सेवा दिवस पर अपना योगदान दे सकते हैं। इसमें छात्रवृत्ति, कपड़ा वितरण, निशुल्क चिकित्सा, वृद्धाश्रम में दान, अनाथ आश्रम में दान, गौ सेवा, दवा वितरण, भंडारा, रक्तदान व अन्य सेवा शामिल हैं।

स्टूडेंट के लिए आधार कार्ड कैंप

कहां विवेकानंद कॉलेज, मौदहापारा
समय सुबह 9 बजे
विशेष कॉलेज स्टूडेंट्स के लिए पैन कार्ड व आधार कार्ड की सुविधा

फीडबैक प्लीज

अपने सुझाव, खबर या कार्यक्रम के लिए मेल करें -citybhaskarraipur@gmail.com पर। या अपनी प्रतिक्रियाएं आप हमें 8103374120 पर एसएमएस भी कर सकते हैं।

• स्विट्जरलैंड के सोलोथूर्न शहर में छत्तीसगढ़ी गीत 'ससुराल गेंदा फूल' गाते 20 देशों के लोग। ब्लू साड़ी में रायपुर की शोभना यदुवंशी।

20 देशों के लोगों ने गाया 'ससुराल गेंदा फूल'

तीन महीने की प्रैक्टिस के बाद स्विट्जरलैंड में दी प्रस्तुति

सिंगिंग से वर्ल्ड पीस का मैसेज देने के मकसद से कई देशों के लोगों ने मिलकर बनाया ग्रुप 'क्वायर ऑफ द नेशंस' ग्रुप में शामिल इकलौती इंडियन रायपुर की शोभना की पहल पर गाया गया छत्तीसगढ़ी सॉन्ग

CITY PRIDE

तन्मय अग्रवाल • स्विट्जरलैंड में रहने वाले 20 अलग-अलग देशों के लोगों ने तीन महीने की प्रैक्टिस के बाद पिछले शुक्रवार स्विट्जरलैंड के सोलोथूर्न शहर में छत्तीसगढ़ी गीत 'ससुराल गेंदा फूल' गाया। पिछले 11 साल से स्विट्जरलैंड में रह रहीं रायपुर की शोभना यदुवंशी की पहल पर ये गीत गाया गया।

स्विट्जरलैंड में जॉब और बिजनेस के मकसद से रहने वाले अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, इंडिया, ईरान, और हॉलैंड जैसे देशों के लोगों को जोड़ने और विश्व शांति का संदेश देने के मकसद से स्थानीय लोगों ने 2005 में सिंगिंग ग्रुप बनाया। नाम रखा 'खोर देर नत्सियोनन'। इंग्लिश में 'क्वायर ऑफ द नेशंस'। नाम की तरह ग्रुप मेंबर्स अलग-अलग देशों की संस्कृति बयां करने वाले गाने गाकर विश्व शांति का संदेश देते हैं। जिनेवा में विश्व शांति के लिए होने वाले इंटरनेशनल इवेंट में भी परफॉर्म कर चुके हैं।

शोभना ने दो साल पहले ये ग्रुप जॉइन किया। ग्रुप से जुड़ने वाली इकलौती इंडियन शोभना जब सबसे घुल-मिल गईं तो चार महीने पहले ग्रुप प्रेसीडेंट एल्बर्ट वीबल ने अगले कंसर्ट में इंडियन सॉन्ग गाने का ऑफर दिया। शोभना ने भारत के साथ छत्तीसगढ़ व रायपुर को पहचान दिलाने के मकसद से छत्तीसगढ़ी फोक सॉन्ग सास गारी देवे, ससुराल गेंदा फूल... चुना। गीत के बोल में रायपुर का भी जिक्र है।

जर्मन में ट्रांसलेट करके समझाया सॉन्ग, सिखाया उच्चारण

स्विट्जरलैंड में इंटरनेशनल स्कूल ऑफ लैंग्वेज में टीचर शोभना के लिए ग्रुप मेंबर्स को गाना समझाना और म्यूजिक सिखाना बड़ी चुनौती थी। इसके लिए उन्होंने गाने को जर्मन भाषा में ट्रांसलेट किया। सास, बहू और ननद से लेकर गारी देबे का मतलब तक समझाया। सास अपनी बहू को गारी क्यों दे रही है जैसे रोचक सवालों के जवाब दिए। फिर, ग्रुप के म्यूजिक डायरेक्टर लूका फ्लोरीनी के साथ म्यूजिक तैयार किया। म्यूजिक समझाने में ज्यादा समय नहीं लगा, लेकिन सिंगर्स को शब्दों का उच्चारण सिखाने में शोभना के पसीने छूट गए।

अब रायपुर को जानते हैं सैकड़ों विदेशी

बैरन बाजार में रहने वाली शोभना घरवालों से मिलने रायपुर पहुंचीं। रविवार को दैनिक भास्कर से खास बातचीत में उन्होंने कहा, स्विट्जरलैंड में बहुत कम इंडियन हैं। वहां अपनों की कमी खलती है। खोर देर नत्सियोनन ऐसा ग्रुप है जो एंटरटेनमेंट के साथ लोगों को जोड़ भी रहा है। दोस्त बनाने में मदद कर रहा है। अमेरिकन, रशियन और ब्रिटिश जैसे देशों के लोगों को छत्तीसगढ़ी सॉन्ग ससुराल गेंदा फूल... सिखाना और बड़े मंच पर गंवाना ताउम्र याद रहेगा। गाने के लिए तीन महीने प्रैक्टिस करना न उनके लिए आसान था न मेरे लिए। खुशी इस बात की है कि परफॉर्मेंस के दिन तक वो इंडिया, छत्तीसगढ़ और रायपुर के बारे में बहुत कुछ जान चुके थे। शोभना के पति संजय प्रकाश स्विट्जरलैंड में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। पिता पीवी यदु साइंस कॉलेज रायपुर में प्रोफेसर रह चुके हैं। बैरन बाजार में रहने वाले भाई रविंद्र सिंह सीआरपीएफ में ऑफिसर हैं।

MUSICAL NIGHT

होश वालों को खबर क्या ज़िंदगी क्या...

सिटी रिपोर्टर • होश वालों को खबर क्या बेखुदी क्या चीज है..., इस गजल की धुन जैसे ही कानों में पड़ीं जैसे दिलों की ख्वाहिश पूरी सी हो गई। लोग देर तब वाह-वाह की दाद के साथ इस गजल का स्वागत करते रहे। मौका प्रो जेएन पांडे स्कूल में आयोजित गजल कार्यक्रम का रहा। मशहूर गजल गायक जगजीत सिंह की याद में आयोजित इस कार्यक्रम में शहर की कई नामचीन हस्तियां पहुंचीं। कार्यक्रम में बतौर अतिथि नेता प्रतिपक्ष टीएस सिंहदेव ने शिरकत की।

गाईं जगजीत की गजलें

सिंगर्स क्लब की ओर से आयोजित कार्यक्रम में फेमस गजल गायक राजशेखर बोस ने गजलों को अपनी खूबसूरत आवाज से नवाजा। जगजीत सिंह की तुम इतना जो मुस्कुरा रहे हो क्या गम है जिसको छुपा रहे हो..., ये दौलत भी ले लो ये शोहरत भी ले लो मगर मुझको लौटा दो बचपन का सावन वो कागज की कश्ती वो बारिश का पानी... और होठों से छू लो तुम मेरा गीत अमर कर दो... जैसी गजलों से रविवार की शाम गुलजार हुई।

सेंचुरी ईयर सेलिब्रेशन में मेट्रो चैप्टर को 9 अवॉर्ड

सिटी रिपोर्टर • सेंचुरी ईयर सेलिब्रेट करने के लिए जेसीआई जोन 9 से एकजुट हुए 2000 से अधिक जेसी मेंबर्स ने गोंदिया महाराष्ट्र में हुए मंथन समारोह को खूब एंजॉय किया। यहां जोन 9 के चारों स्टेट-छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र और विदर्भ के सभी चैप्टर्स की साल भर की एक्टिविटी और शानदार परफॉर्मेंस के लिए जेसीआई रायपुर मेट्रो को 9 अवॉर्ड मिले। इंडिविजुअल वर्क के लिए स्टार डायनेमिक प्रेसिडेंट अवॉर्ड जेसी निकिता धानेर को और एलओएम ऑफिसर ऑफ द ईयर अवॉर्ड दिनेश नंदवानी को मिला।

फ्री मेडिटेशन और रास गरबा करें एंजॉय

सिटी रिपोर्टर • द आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से वीआईपी रोड स्थित श्रीश्री साधना मंडल में पहली बार नवरात्रि उत्सव सेलिब्रेट किया जाएगा। 14 से 20 अक्टूबर के बीच कई प्रोग्राम रखे गए हैं। इनमें 14 से 18 अक्टूबर तक एडवांस मेडिटेशन की ट्रेनिंग दी जाएगी। 19 और 20 अक्टूबर की रात 8 बजे से रासगरबा होगा। इवेंट में एंट्री फ्री होगी।

सीए स्टूडेंट्स के लिए 'छात्र परोपकार कोष'

सिटी रिपोर्टर • आईसीएआई की ओर से अब सीए स्टूडेंट्स को 'स्टूडेंट्स बेनेवोलेंट फंड (छात्र परोपकार कोष)' दिया जाएगा। इसके लिए पहले फेज में 400 स्टूडेंट्स का सेलेक्शन किया जाएगा। इसके ऑनलाइन फॉर्म आईसीएआई www.icai.org पर दी गई लिंक से 15 अक्टूबर तक भर सकते हैं। सलेक्टेड स्टूडेंट्स को हर महीन एक हजार रुपए मिलेंगे। इसमें वही स्टूडेंट्स अप्लाई कर सकते हैं जिनके पैरेंट्स की एनुअल इनकम डेढ़ लाख या इससे कम है।

यह है क्राइटेरिया: 12वीं में 70 प्रतिशत मार्क्स या इससे अधिक होंगे। सीपीटी एक बार में क्लियर किया हो या बीकॉम में फर्स्ट डिवीजन हो।

रैंपवॉक में गर्ल्स ने कहा- बेटी बचाओ

AGRASEN MAHOTSAV FASHION SHOW

सिटी रिपोर्टर • मैं जीना चाहती हूं, मुझे इस दुनिया में आने तो दो... मैं पूरी दुनिया में आपका नाम रोशन करूंगी... दिल छू लेने वाले ऐसे डायलॉग्स बेहतरीन एक्ट के साथ बच्चों ने स्टेज पर प्रजेंट किए। मौका था श्री अग्रवाल सभा द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं का। समता कॉलोनी के रामनाथ भीमसेन सभा भवन में किड्स फैशन शो तीन राउंड ट्रेडिशनल, इंट्रोडक्शन और प्रश्नोत्तरी राउंड में हुआ। डांस कॉम्पिटीशन में प्रतिभागियों ने राजस्थानी घूमर और छत्तीसगढ़ी फोक डांस की बेहतरीन प्रस्तुति दी। गो रायपुर गो कॉम्पिटीशन में प्रतिभागियों ने ग्रीन रायपुर क्लीन रायपुर थीम पर कार डेकोरेट की। कार्यक्रम में बुजुर्गों के लिए चौपाल लगाई गई, जिसमें बुजुर्गों ने कैरम, लूडो और शतरंज जैसे गेम्स खेले।

डॉन और पा के गेटअप में बिग-बी का बर्थडे

हैप्पी फैमिली फ्रेंड्स ग्रुप के मेंबर्स ने बच्चन के फिल्मी किरदारों में संवरकर मनाया बर्थडे

BIG-B'S BIRTHDAY

सिटी रिपोर्टर • रिश्ते में तो हम तुम्हारे बाप लगते है नाम है शहंशाह... डॉन को पकड़ना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन भी है... हम जहां खड़े हो जाते हैं लाइन वहां से शुरू होती है... पूरा नाम विजय दीनानाथ चौहान, पिता का नाम दीनानाथ चौहान, मां का नाम सुहासिनी चौहान... मर्द को कभी दर्द नहीं होता...। अमिताभ बच्चन के गेटअप में पहुंचे रायपुरियंस ने उनके इन फेमस डायलॉग्स से पार्टी अपने नाम की। हैप्पी फैमिली फ्रेंड्स ग्रुप ने अमिताभ बच्चन का बर्थ डे सेलिब्रेट किया। सेलिब्रेशन में सभी जेंट्स अमिताभ बच्चन के गेटअप में पहुंचे, तो उनकी वाइफ अमिताभ की हीरोइन बनकर। वीआईपी रोड स्थित एक रेस्तरां में रविवार को हुए आयोजन में पा का गेटअप सेंटर ऑफ अट्रेक्शन रहा।

ये बने विनर

डिफरेंट कैटेगिरी में राजीव रितु नूना, रजनीश ज्योति पटनी, आशा पदम गंगवाल व विमल बीना गंगवाल, रवि रचना जैन व सविता अशोक जैन, रोमिल हीना व अतुल मीता।

• वीआईपी रोड स्थित एक रेस्तरां में रविवार को हुए आयोजन में पा के गेटअप में डांस करते बच्चे।

कार खरीदने का बेस्ट टाइम, कंपनियां दे रहीं ढेरों ऑफर

सभी कंपनियों के लेटेस्ट मॉडल सिटी में अवेलेबल, बुकिंग जारी, अट्रेक्टिव गिफ्टस के अलावा कैश डिस्काउंट जैसे ऑफर्स हैं खास

AUTOMOBILE MARKET

सिटी रिपोर्टर • बात चाहें कीमत की करें या लुक्स की पहली बार कार खरीद रहे बायर्स को अब समझौता नहीं करना पड़ेगा। इस बार के फेस्टिव सीजन का बाजार ज्यादातर ऐसी ही कारों से गुलजार है, जिसमें कस्टमर्स को लुक्स मिले, बेहतरीन फीचर्स मिले और कीमत भी अपने सेगमेंट में बेस्ट हो। रायपुरियंस के कार खरीदने का मूड कई बार ऑफर्स पर भी डिपेंड करता है। लिहाजा ग्राहकों की राहों में डीलर्स और कंपनियों ने कई सेविंग ऑफर्स भी बिछा रखे हैं। कुल मिला कर बाजार इस बार ग्राहकों को कई तरह के फायदे देने के मूड मे है। कुछ लेटेस्ट कारें जो इस बार आपके फेस्टिवल के जश्न को स्पीड देंगी उनकी जानकारी हम आपको दे रहे हैं इस रिपोर्ट के जरिए।

ऑडी

ए 6 - ये कार सिर्फ स्टाइलिश ही नहीं बल्कि बेहद ताकतवर भी है। 17 सौ से 39 सौ सीसी तक के इंजन से इसके मॉडल लैस हैं। कीमत 50 लाख से शुरू है। लग्जरी सिडान के मामले में इसे बेहद पसंद किया जा रहा है। इस फेस्टिव सीजन ग्राहकों को लुभाने में ये मॉडल कामयाब रहेगा इसमें शक नहीं।

क्यू 3 - अगर कार खरीदने के मामले में आप कंफर्ट के साथ एक पावरफुल लुक चाहते हैं तो आपके लिए है ऑडी क्यू 3, कीमत 30 लाख रुपए से शुरू है। महज 8 सेकंड में ये कार आपकी मुलाकात 100 की स्पीड से कराएगी। कुछ देर और पांव एक्सीलरेटर पर रहा तो ये 2 सौ किसी प्रति घंटा की रफ्तार पर भी बेहतरीन परफॉर्मेंस देने का तैयार है। कार में 7 स्पीड गेयर्स हैं।

रेनो डस्टर एक्सप्लोर

रेनो ब्रांड के सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले मॉडल में डस्टर का नाम सबसे उपर है। कंपनी ने कुछ ही हफ्ते पहले इसके लिमिटेड एडिशन एक्सप्लोर को लॉन्च किया है। करीब 10 लाख से इसकी रेंज शुरू होती है। लुक स्टाइलिश है। स्मोक स्टाइल के हेडलैंप्स हैं। इको मोड लोग पसंद कर रहे हैं। बुकिंग जारी है।

रेनो क्विड - हैचबैक सेगमेंट में क्रॉस ओवर डिजायन में अवेलबल होगी क्विड। छोटी मगर स्टाइलिश कार चाहने वालों का सपना ये कार पूरी करने वाली है। इसकी जबरदस्त डिमांड है। कीमत 2.70 हजार रुपए से शुरू है। नेवीगेशन सिस्टसम, डीजीटल स्पीडो मीटर, एयरबैग और 300 लीटर का बूट स्पेस होने के अलावा 180 एमएम का ग्राउंड क्लियरेंस है। बुकिंग जारी है। दिवाली तक ये कार आपके घर में होगी।

हुंडई

क्रेटा - हुंडई की लेटेस्ट लॉन्च्ड कार क्रेटा को कस्टमर्स बेहद पसंद कर रहे हैं। ये हुंडई की पहली कॉम्पैक्ट एसयूवी है। इसे 4 ट्रिम लेवल के साथ 11 वेरिएंट में लॉन्च किया गया है। इस कार की कीमत 9.68 से शुरू है।

आई 20 एक्टिव - पावरट्रैन की मदद से यह कार 180 किमी प्रति घंटे की टॉप स्पीड तक आसानी से पहुंचती है। 0 से 100 स्पीड महज 11.9 सैकेण्ड में पार करती है। दिखने में कुछ-कुछ आई 20 एलिट की तरह है। कीमत 6.61 लाख से शुरू है।

मारूति सुजुकी

एस क्रॉस - एस क्रॉस को दो डीज़ल इंजन ऑप्शन के साथ बाज़ार में उतारा गया है। 1.3-लीटर डीडीआईएस और 1.6-लीटर डीडीआईएस इंजन शामिल है। इसमें फ्रंट व्हील ड्राइव है। कीमत 8.75 लाख रुपयों से शुरू है।

फोर्ड फिगो एस्पायर

यह सेडान अपने खास फीचर्स जैसे 6 एयरबैग और 6 स्पीड ड्यूल क्लच आटोमैटिक गियर बॉक्स की वजह से चर्चा में है। फिगो एस्पायर इस सेगमेंट में पहली कार होगी जिसमें ड्राइवर और फ्रंट पैसेंजर्स को भी एयरबैग की सुविधा मिलेगी। कीमत 5.02 से शुरू है।

गर्ल्स अपने बैग में रखें पेपर स्प्रे

SELF DEFENCE CAMP

सिटी रिपोर्टर • देशभर में क्राइम का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। छेड़खानी से बचने के लिए गर्ल्स और वुमंस को अपनी सिक्योरिटी की जिम्मेदारी खुद उठानी होगी। इस बात को ध्यान में रखते हुए लॉयंस क्लब राजधानी ने सुंदरानी स्कूली गर्ल्स को कई पैंतरे सिखाए, जिससे वो अटैकर्स को सबक सिखा सकें। उसे घायल कर खुद को सेफ रख सकें। ट्रेनर के मुताबिक गर्ल्स को अपने बैग में पेपर स्प्रे रखना चाहिए, जैसे ही लुटेरों ने हथियार दिखाया, बैग से पैसे निकालने के बहाने स्प्रे निकाल उनकी आंखों पर मारें।